विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री हंसराज विश्वकर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तरः-

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 18(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में विधवा महिलाओं के लिए महिला कल्याण विभाग की कौन-कौन सी कल्याणकारी योजनायें चल रही है? | जी हाँ।<br>1- महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित पात्र महिलाओं को पेंशन योजना के अन्तर्गत रू0 1000 प्रतिमाह प्रदान किये जाते हैं।<br>2- निराश्रित महिला पेंशन पा रही महिलाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु सहायता अनुदान योजना के अन्तर्गत रू0 10,000 की धनराशि प्रदान की जाती है।<br>3- पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला से पुनर्विवाह करने पर दम्पति को पुरस्कार योजना के अन्तर्गत रू0 11,000 की धनराशि प्रदान की जाती है। |
| (ख) भविष्य में प्रदेश की विधवा महिलाओं को और अधिक सुविधायें तथा सरकारी सहायता पहुॅचाने के लिए क्या उक्त विभाग कोई कार्य योजना बनायेगा? | प्रश्नगत बिन्दु नीतिगत है। प्रदेश सरकार निराश्रित महिलाओं को और अधिक सुविधायें तथा सरकारी सहायता हेतु अपने उपलब्ध संसाधनों के आधार पर यथा समय विचार करेगी। |
| (ग) यदि हाँ, तो उसका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

बेबी रानी मौर्य
मंत्री।